तम्बाकू उत्पादन शुल्क

८२३. **श्री बी० डी० शास्त्री** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष १९५२--१९५४ में अलग अलग विन्ध्य प्रदेश में तम्बाकू पर उत्पादन शुल्क से सरकार को कितनी आय हुई ; और

(ख) १९५५ में अनुमानतया कितनी आय होगी ?

राजस्व और रक्षा व्यय मंत्री (श्री ए० सी० गुह) : (क) और (ख). विन्ध्य प्रदेश में तम्बाकू के केन्द्रीय उत्पादन शुल्क (सेन्ट्रल एक्साइज ड्यूटी) से १९५२-५३ से १९५४-५५ तक के वित्तीय वर्षों में वसूल किया गया और १९५५-५६ का अनुमानित शुल्क इस प्रकार है : —

वर्ष	शुल्क की रकम (हजार रुपयों में)
१९५२–५३	११,०८
१९५३–५४	११,२९
१९५४–५५	९,०३ (अस्थायी)
१९५५–५६	८,७५